## एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान




**सेंधवा।** वीर बलिदानी खाज्या नायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। महात्मा गांधी की प्रतिमा परिसर की सफाई कर गाजरघास व अन्य घास हटाई। प्राचार्य डॉ जीएस वास्कले के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। गाजरघास एवं झाड़ियां निकालकर स्वच्छ वातावरण तैयार किया। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो राजेश नावडे, प्रो सायसिंग अवास्या, प्राध्यापक डॉ जीतेश्वर खरते, स्टॉफ और स्वयंसेवक मौजूद थे। एनएसएस इकाई की पहल ने स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवकों के श्रमदान से न केवल परिसर स्वच्छ हुआ, बल्कि छात्रों को सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी मिली। उक्त जानकारी प्रो राजेश नावडे ने दी। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों में सेवा भावना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं।

## पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में हुआ आयोजन



**बड़वानी।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में बुधवार को सद्भावना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। यह दिवस शांति, सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष इसे ऊर्जा दिवस के रूप में भी मनाया गया। प्राचार्य संतोष मिश्रा के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका सीएमओ सोनाली शर्मा उपस्थित थे। उनके सानिध्य में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सद्भावना एवं एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसे पूजा जैन ने प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने लघु नाटिका मैं स्टार बनकर प्रस्तुत की। जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय और समाज का भविष्य का स्टार बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शीला निगम ने किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई



**पानसेमल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही भारत के विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए देश के विभिन्न क्षेत्रों में किए कार्यों के बारे में बताया। पीसीसी सदस्य एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष टार्जन मिश्रा ने बताया कि राजीव गांधी द्वारा देश में डिजिटल युग की शुरूआत की गई थी। जिसके बाद से देश निरंतर विकासशील है। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और विस्तार के संकल्प के साथ जयंती मनाई। राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर राजीव गांधी अमर रहे के नारे लगाए। पार्टी के अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## घरेलू विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाई

**इंदौर.** एमआईजी थाना क्षेत्र में देर रात एक युवक ने घरेलू विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए अस्पताल भेज जांच शुरु की. मोतीलाल की चाल निवासी रजत नंदवाल पिता कन्हैया नंदवाल ने अपने घर में यह कदम उठाया. एमआईजी थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार रजत देर रात ड्यूटी से घर लौटा था. इसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई. झगड़े के दौरान उसका छोटा भाई रवि करीब आधी रात को घर छोड़कर चाचा जगन्नाथ के यहां सोने चला गया. कुछ देर बाद जब रजत की पत्नी चैनल गेट का ताला लगाने नीचे आई तो देखा कि रजत ने फांसी लगा ली है. घबराकर उसने पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों और देवर को सूचना दी. मृतक की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी और उसकी पत्नी नौ माह की गर्भवती है. रजत के माता-पिता की पहले ही बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है. परिवार में अब केवल छोटा भाई रवि ही बचा है. बताया जाता है कि रजत नगर निगम के एक निजी ठेकेदार के पास कार्यरत था. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है.

## पत्नी को गरम चम्मच से दागा, बाल काटे

**इंदौर.** क्षिप्रा क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने हैवानियत की हद पार कर दी. उसने पत्नी की बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसके सिर को गरम चम्मच से दाग दिया और कैंची से बाल काट डाले. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति सहित ससुराल पक्ष के दो अन्य लोगों के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है. 22 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे उसका पति विजयनाथ उससे विवाद करने लगा. विवाद बढ़ने पर उसने पहले लात-घूंसे से मारपीट की, फिर सिर पर गरम चम्मच दाग दिया. इतना ही नहीं, कैंची से बाल भी काट दिए और जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसका देवर भी मारपीट में शामिल था. पीड़िता ने डर के चलते पहले घटना की जानकारी परिजनों को दी और फिर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला गंभीर है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

## जोधपुर के फरार तस्कर का इंदौर में सरेंडर

**इंदौर.** डोडाचूरा की तस्करी के मामले में तीन साल से फरार चल रहा जोधपुर का कुख्यात तस्कर आखिरकार पुलिस के दबाव में इंदौर आकर सरेंडर कर गया. आरोपी राकेश पिता सुखराम बिश्नोई निवासी जोधपुर की तलाश नारकोटिक्स विंग लंबे समय से कर रही थी. डीएसपी नारकोटिक्स संतोषसिंह हाड़ा ने बताया कि वर्ष 2023 में इंदौर में बड़ी कार्रवाई के दौरान राकेश के साथी पकड़े गए थे. उस वक्त पुलिस ने 31 क्विंटल डोडाचूरा जब्त किया था, लेकिन राकेश फरार हो गया था. लगातार दबिश और घेराबंदी के चलते उसने सोमवार देर रात इंदौर पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया. फिलहाल उससे गहन पूछताछ की जा रही है. इधर, एमआर-10 ब्रिज के पास पकड़े गए दो अन्य तस्करों से पूछताछ जारी है. नारकोटिक्स टीम ने तौफिर पिता मोहम्मद अब्दुल और अनिल परमार, दोनों निवासी झालावाड़ राजस्थान, को 8 .30 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था. उपनिरीक्षक सीमा मिमरोट की टीम दोनों को आज सुबह आगर लेकर गई है. आरोपियों ने पूछताछ में कुछ नाम बताए हैं, जिनकी तस्दीक की जा रही है.

## यातायात पुलिस ने बच्चों को बताए ट्रैफिक के नियम

**इंदौर.** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस लगातार अभियान चला रही है. मंगलवार को राजेश्वर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें करीब 400 विद्यार्थी शामिल हुए. पुलिस अधीक्षक यांगचेन भूटिया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीएसपी ट्रैफिक नितिन सिंह, सूबेदार विनोद यादव व यातायात पुलिस की टीम मौजूद रही. अधिकारियों ने बच्चों को हेलमेट और सीटबेल्ट की अनिवार्यता, ड्राइविंग लाइसेंस, यातायात सिग्नल का महत्व और वाहन बीमा संबंधी जानकारी दी. कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कई सवाल भी पूछे जिनका अधिकारियों ने सरल भाषा में जवाब दिया. पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को सुरक्षित यातायात की शपथ दिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

## गोगानवमी चल समारोह का स्वागत किया

**महू,** मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय में समाजसेवी एनजीओ संस्था नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस द्वारा अमित गोगलिया के नेतृत्व में गोगा नवमी निशान चल समारोह का स्वागत एवं पूजन स्थानीय फूल चौक पर मंच लगाकर किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत कृषि समिति अध्यक्ष दिनेश सिंह चौहान एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश बियानी रहे. संचालन शुभम डागर एवं आभार प्रदेश संयोजक भावना संगेलिया ने व्यक्त किया. इस अवसर वरिष्ठ समाज जन प्रेमचंद टांक, मनोज गोडाले, सोनू सोनवाल, रानू डागर आदि समेत मानवाधिकार संस्था के अशोक राजे, हिमांशु सिरोया, मीनू संजय वर्मा , सागर चौहान आदि कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे.

# किसानों को मिलेगा डिजिटल खेती का लाभ

### एआई तकनीक से घरे बैठे कर सकते हैं फसलों की निगरानी, किसानों के साथ बैठक का हुआ आयोजन



**पानसेमल, ( नवभारत )।** क्षेत्र के किसान अब उन्नतिशील खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। अपने घर बैठे एडवांस तकनीकी से फसलों की देख-रेख आसानी से कर सकेंगे। दुर्गा खांडसारी शुगर मिल के संचालक नितिन गोयल द्वारा बारामती महाराष्ट्र के गन्ने की फसल के विशेषज्ञ टीम से संपर्क कर किसानों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने एआई तकनीक से गन्ने की खेती के फायदे बताकर उन्हें खेतों में इस तकनीक से खेती करने को कहा। शुगर मिल्स से जुड़े आसपास के करीब 28 किसानों के खेतों में एआई उपकरण लगवाए।

सबसे बड़ी बात यह है कि इस तकनीक से खेती करने पर सरकार से करीब 50 से 75 प्रतिशत सब्सिडी भी मिलती है। वैसे तो इसकी कीमत 150000 से 200000 का खर्च लगता है, लेकिन 25000 हजार खर्च कर इस तकनीकी के उपकरण लग जाते हैं, इसके लिए ड्रिप अनिवार्य रूप से किसानों के खेतों में होना चाहिए। खेतों में लगे एआई सिस्टम में सोलर सिस्टम, लगा रहता है, जो सीधे एक सेंसर से जुड़ा रहता है। सेंसर जमीन में लगा रहता जो करीब 2 से 3 एकड़ कृषि भूमि की देखरेख करता है। जमीन में पानी की मात्रा, खाद, पोषक तत्व सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी किसानों को मोबाईल पर मेसेज के माध्यम से विशेषज्ञों की टीम द्वारा बारामती सेंटर से भेजा जाता है। इस विषय की जानकारी के लिए खांडसारी में बैठक की गई। कान्सुल के कृषक दिलीप राव शितोले ने बताया कि यह किसानों के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। समय बचाकर अपनी कृषि भूमि की जानकारी बिना किसी जांच के मिल सकेगी।

बैठक में राजेश वानखेड़े (गन्ना विशेषज्ञ), कौशल अहिराव (गन्ना विकास अधिकारी), अरविंद कुमार वर्मा (गन्ना विकास अधिकारी) सहित स्टॉफ मौजूद रहे। इस दौरान रामदास गोविंद पाटिल, विकास सुरेश पवार, करणसिंह देवीदास, प्रदीप विनायक गिरी, अभयगीर रमेश गिर, अर्जुन सुपड्डु, धर्मेंद्र पंडित राव, मीराबाई मंगेश, अविनाश भीला, नाना भाऊ रामभाऊ, गुलाब तन भाऊ, दिलीपराव शिवाजीराव, भगवान शंकर, नटराज नागिन, सदाशिव मोतीराम, गणेश नारायण, एमआरएस द्रौपदी गणेश, प्रेमसिंह हिम्मतसिंह, उत्तम भटू, तीरथ देविसिंह, जितेंद्र जोतेसिंह, विजय यशवंत, देवेंद्र भानुदास, तुषार भानुदास, प्रमोद सुभाष बुधा एकनाथ एवं स्टॉफ मौजूद रहा।

**मिलती है सब्सिडी**
- खेतों में लगवाए उपकरण।
- सरकार से करीब 50 से 75 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है।

# 9 मरीजों का जिला अस्पताल में ही होगा लैंस प्रत्यारोपण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा बुधवार को लगाए गए नेत्र शिविर में 78 मरीज आए। जिनमें 9 का बड़वानी में ही ऑपरेशन होगा।

लायन महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि शिविर में जिले सहित वड़ोदरा तथा नासिक तक के मरीज आंखों की जांच कराने आए। डॉ विमलेश चोयल और डीडीपीएम दीपक सोनी, कैम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। जिसके बाद 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। एक मरीज की आंख में इंस्फेक्शन होने से लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जा सका। वहीं सिस्टर सुषमा वाजपेई ने मरीजों की ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की।

लायन केटी मंडलोई ने कहा कि डॉ विमलेश चोयल द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं। शिविर के दौरान लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा भर्ती मरीजों को भोजन कराया गया। लायन साबिर रौनक ने आभार व्यक्त किया। अगला नेत्र शिविर 30 अगस्त को लगेगा।



## 3 वर्ष बाद खिला ब्रम्हपुष्प कमल

**पानसेमल, ( नवभारत )।** वार्ड 9 भोई प्लॉट निवासी अशोक माली के घर पर ब्रह्म कमल पुष्प खिला। मंगलवार रात्रि 8 बजे से पुष्प खिलना शुरू हुआ जो 12 बजे तक पूर्ण रूप से खिला। एकादशी तिथि पर पुष्प खिलने से पूजन करने नगरवासी पहुंचे। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के राहता से वे पुष्प का पत्ता लेकर आए थे और प्रतिदिन छत पर रखकर पानी देते थे। पहली बार ब्रह्म कमल पुष्प खिलने की जानकारी के बाद रहवासी दर्शन करने पहुंचे।

बापू डैनी ने बताया कि 3 वर्ष में यह पहली बार खिला है। पूर्ण रूप से खिलने के बाद वे नजदीकी भगवान शिव मंदिर में अर्पित किया। पुष्प खिलने का समाचार मिलने के बाद नगर में चर्चा का विषय बना है।

एसी मान्यता है कि यह ब्रह्म कमल जिनके यहां खिलता है वह भाग्यशाली होता है।



**एक नजर में** — सेंधवा नगर पालिका अध्यक्ष बसंती बाई यादव ने विधायक गोलू शुक्ला से की नगर विकास पर चर्चा

# पुष्पवर्षा कर शहर में किया अभिनंदन

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा 21 अगस्त.** शिर्डी दर्शन के लिए रवाना हो रहे विधायक गोलू शुक्ला का सेंधवा में जोरदार स्वागत हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष बसंती बाई यादव व भाजपा नेता संजय यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अभिनंदन किया और नगर विकास पर चर्चा भी हुई।

बुधवार को इंदौर से शिर्डी दर्शन के लिए जा रहे विधायक गोलू शुक्ला का सेंधवा में भव्य स्वागत किया। भाजपा नेता संजय यादव व नपा अध्यक्ष बसंती बाई यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला और पुष्पवर्षा कर सम्मान जताया। इंदौर से शिर्डी की यात्रा पर निकले विधायक गोलू शुक्ला का सेंधवा पहुंचने पर भाजपा नेता संजय यादव और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम सेंधवा बाईपास स्थित चौतन्य हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष बसंती बाई यादव ने भी हिस्सा लिया। विधायक शुक्ला व उनके करीब सौ साथियों का पुष्पमाला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। विधायक शुक्ला ने हनुमान मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं के साथ सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। करीब दो घंटे तक रुकने और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद विधायक शुक्ला अपने समर्थकों के साथ शिर्डी दर्शन के लिए रवाना हो गए। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एस वीरा स्वामी, जयंत शर्मा, छोटू चौधरी व अन्य मौजूद रहे।



### नगर विकास पर चर्चा


इस अवसर पर विधायक शुक्ला ने नपा अध्यक्ष बसंती बाई यादव के साथ बैठकर नगर विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने भी अपनी राय सांझा की और विकास संबंधी सुझाव दिए।

# कम दाम में बाइक बेचने पहुंचा वाहन चोर

**पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**नवभारत न्यूज**
**इंदौर. आजाद नगर पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों में लिप्त एक शातिर युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल बिना कागजात के कम कीमत पर बेचने की फिराक में घूम रहा था.**

फरियादी राहुल मोरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक नम्बर एमपी 41 जेडए 0585 घर के बाहर से चोरी हो गई थी. मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी तिलक करोले के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मुखबिरों और सूचना तंत्र को सक्रिय किया. 18 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि शांति नगर, मुसाखेड़ी इलाके में एक युवक संदिग्ध बाइक कम कीमत पर बेचने की कोशिश कर रहा है. बताए स्थान पर दबिश देकर पुलिस ने हीरो एचएफ डीलक्स बाइक के साथ आरोपी को पकड़ा. बाइक के आगे-पीछे नंबर प्लेट मिट्टी से ढके हुए थे. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभिषेक फूलमाली उम्र 19 साल निवासी गांधी पैलेस, इंदौर बताया. कड़ाई से पूछताछ में उसने वाहन चोरी करना कबूल किया. आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी और नकबजनी के मामलों में थाना द्वारिकापुरी और एरोड्रम पुलिस कार्रवाई कर चुकी है. पुलिस ने बरामद बाइक जप्त कर ली है तथा अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है.



# 2 करोड़ की ठगी में पटवारी फंसा, जल्द दर्ज होगी एफआईआर

- फर्जी कागजात दिखाकर जमीन बेचने का आरोप
- तुकोगंज पुलिस की जांच पूरी

**नवभारत न्यूज**
**इंदौर. जनसुनवाई में मंगलवार को सामने आए एक गंभीर मामले ने पटवारी पर बड़े घोटाले का पर्दाफाश कर दिया. एक प्रॉपर्टी कारोबारी ने आगर जिले के पटवारी रामगोपाल रातड़िया और उसके साथियों पर जमीन के फर्जी कागजात दिखाकर दो करोड़ से अधिक की ठगी करने का आरोप लगाया है. फरियादी की शिकायत और जांच रिपोर्ट के आधार पर तुकोगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है.**

फरियादी विजय भट्ट ने बताया कि वर्ष 2022 में नलखेड़ा पदस्थ पटवारी रामगोपाल रातड़िया ने तुकोगंज क्षेत्र स्थित उसके ऑफिस आकर 8 एकड़ जमीन का सौदा करीब पांच करोड़ रुपए में कराया. पटवारी ने दावा किया कि यह जमीन रईस खान की है, जिसका एग्रीमेंट अनिल बोहरा के नाम पर हो चुका है. इसी एग्रीमेंट को आधार बनाकर आरोपी ने अलग-अलग किश्तों में नकद और चेक के जरिए 2 करोड़ से अधिक की राशि ले ली. भट्ट का कहना है कि रकम का कुछ हिस्सा पटवारी को नकद दिया गया, जबकि शेष रईस की पत्नी और अनिल के खाते में जमा हुआ. जब रजिस्ट्री की बारी आई तो पटवारी टालमटोल करने लगा. संदेह होने पर भट्ट ने जमीन मालिक रईस से संपर्क किया, तब खुलासा हुआ कि एग्रीमेंट पर किए गए दस्तखत जाली हैं और उसने जमीन कभी बेची ही नहीं. बाद में इसी जमीन का सौदा इंदौर के एक अन्य व्यापारी से कर रुपए ले लिए. यही नहीं, खसरे में हेरफेर कर रजिस्ट्री तक करा दी गई और आखिर में उसी जमीन की एक रजिस्ट्री पटवारी के नौकर देवीसिंह सिकरवार के नाम पर भी कर दी गई. पूरे मामले में तुकोगंज पुलिस, एडीसीपी, डीसीपी और एसीपी स्तर पर जांच पूरी हो चुकी है. तुकोगंज टीआई जितेंद्रसिंह यादव ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही एफआईआर दर्ज की जाएगी.

# छह माह से वेतन न मिलने पर ड्राइवर ने की आत्महत्या

**इंदौर. वेतन न मिलने से परेशान एक डिलीवरी कंपनी के ड्राइवर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. करीब छह माह से सैलरी रुकी हुई थी, जिससे वह आर्थिक संकट से जूझ रहा था. मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज जांच शुरु की.**



सोमवार देर रात घटना के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि मृतक वासुदेव माली पुत्र पन्नालाल माली निवासी परदेशीपुरा, सोमवार रात घर पर जहर पीने के बाद पास ही स्थित मंदिर में जाकर बैठ गया था. हालत बिगड़ने पर आसपास के लोगों ने उसके भतीजे अनिल को खबर दी. अनिल तत्काल उन्हें अस्पताल ले गया, लेकिन वासुदेव की मौत हो चुकी थी. भतीजे अनिल ने बताया कि वासुदेव मल्टी मूट डिलीवरी कंपनी में ड्राइवर थे. बीते छह माह से उनका वेतन कंपनी ने रोका हुआ था.

> परिवार में वृद्ध मां और बीमार भाई की जिम्मेदारी भी उन पर थी. लगातार वेतन दिलाने की गुहार लगाने के बावजूद कंपनी प्रबंधन उन्हें टालता रहा. सोमवार रात उन्होंने कंपनी के सुपरवाइजर राहुल जैन से भी बातचीत की थी, इसके कुछ ही देर बाद उन्होंने यह कदम उठा लिया, मामले में पुलिस जांच कर रही है.



## खुर्दा पंचायत के शासकीय विद्यालय में मिड-डे मील व्यवस्था में अनियमितता, निरीक्षण के बाद सुधार

**खुर्दा. राष्ट्रीय मानव अधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग की प्रदेश सचिव डॉ. कनक पटेरिया एवं हरिओम दागी ने खुर्दा पंचायत के ग्राम कनेरिया स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बनने वाले मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान भोजन व्यवस्था में कई अनियमितताएँ पाई गईं.**



डॉ. पटेरिया ने तत्काल इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया. इसके बाद संबंधित विभाग ने कदम उठाकर सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से दुरुस्त किया. आयोग ने स्पष्ट किया कि बच्चों को मिलने वाला मिड-डे मील गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, ताकि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े.

**समस्या** — मामला वार्ड 82 के गुरु शंकर का

# घरों की चौखट से ऊंची बना दी सड़क, पानी घुसता है अंदर



**इंदौर. नगर निगम द्वारा शहर में किए जा रहे विकास कार्यों के दौरान अनदेखी एक बार फिर सामने आई है. हवा बंगला क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 82 स्थित गुरु शंकर नगर में सड़क निर्माण कार्य लोगों की परेशानी का सबब बन गया है.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहाँ की गलियां कई वर्षों से जर्जर हालत में थीं. लंबे इंतज़ार के बाद कुछ समय पहले ही में सीमेंट-कांक्रीट सड़क निर्माण शुरू किया गया. निर्माण के दौरान रहवासियों ने इंजीनियर और निगम अधिकारियों को आगाह किया था कि 3 फीट भराव करके सड़क घरों की ऊँचाई से डेढ़ से दो फीट ऊपर बनाई जा रही है, जिससे आगे गंभीर समस्याएँ खड़ी होंगी. बावजूद इसके शिकायतों को दरकिनार कर सड़क का काम पूरा कर दिया गया. अब स्थिति यह है कि बरसात के दिनों में या सड़क पर बहने वाला सामान्य पानी भी सीधे घरों के भीतर घुस जाता है. सड़क की ऊँचाई बढ़ने से उनके घर हमेशा जलभराव की चपेट में रहते हैं. हैरानी की बात यह है कि इस लापरवाही के बावजूद नगर निगम अधिकारी और क्षेत्रीय पार्षद समस्या स्वीकार करने के बजाय रहवासियों को ही जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनकी पीड़ा को अनसुना कर विकास कार्य के नाम पर केवल दिखावा किया गया है.

### इनका कहना है ...



दो महीने पहले ही सड़क का कार्य पूरा किया. जब से यहां के सभी रहवासियों की मुसीबतें बढ़ गई. ऊंची बनाई गई सड़क के कारण आसपास के सभी घरों में पानी घुस रहा है.
**- शीतल राठौर**



सड़क निर्माण के समय हमने बताया भी था कि इसका दल गलत जा रहा है. घरों में पानी घुसेगा लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने हमारी नहीं सुनी और आज हम मुसीबतें झेल रहे हैं.
**- सुधा लिमोले**

पहले बरसात का पानी सीधे चेंबर के द्वारा निकास हो जाता था लेकिन अब बीच में से सड़क ऊंची कर दी गई है. दोनों तरफ के ढाल के कारण घरों में पानी जा रहा है.



**- रितु कुशवाह**

हमें बोला था कि निकासी दी जाएगी लेकिन आगे का पानी भी रिवर्स होकर यही आता है और यहां का पानी इकट्ठा हो जाता है. बरसात का पानी घरों को तालाब बन देता है.



**- दुर्गेश मेहरा**

### ढलाई दूसरी तरफ किया



पहले सड़क के कारण घर में पानी जाता था. अब हमने जो सड़क का कार्य किया है. उसमें ढलान दूसरी तरफ किया. अब घरों में पानी घुसने की समस्या नहीं है.
**- नितिन शर्मा, पार्षद**